दिनांक 28.06.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा।

एक पेड़ मां के नाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान जन सहयोग से सफल होगा। इंदौर जिले में जहां 51 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, वहीं राजधानी भोपाल सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर एक दिन में ही 12 लाख पौधे रोपे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में एक विशेष बैठक में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से अभियान की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल में राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

परीक्षा परिणाम

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ली गई कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न पुन: परीक्षाओं का परिणाम आज घोषित किया जायेगा। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा परीक्षा परिणाम 4 बजे परीक्षा पोर्टल पर जारी किया जायेगा। इसके बाद विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण उक्त परिणामों को राज्य शिक्षा केन्द्र के वेब पोर्टल पर अपना रोल नम्बर प्रविष्ठ कर देख सकते हैं। इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। पांचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं का संचालन 3 से 8 जून के दौरान किया गया था। इनमें प्रदेश की शासकीय, अशासकीय

शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 1 लाख 31 हज़ार से अधिक तथा कक्षा 8वीं के 1 लाख 63 हज़ार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। इन विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए कुल 322 केन्द्र बनाये गए थे ।

मूंग -उड़द उपार्जन

प्रदेश सरकार ने समर्थन मूल्य पर कृषकों द्वारा उत्पादित ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की उपज का उपार्जन करने का निर्णय लिया गया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने बताया है कि उपार्जन कार्य 24 जून से आरंभ हो गया है और यह 31 जुलाई तक जारी रहेगा ।

परिवहन योजना

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने प्रदेश में गुजरात की तर्ज पर चेक-पोस्ट व्यवस्था समय सीमा में लागू करने को कहा है। इस व्यवस्था में ट्रांसपोर्टर पूर्व में ही ई चेक-पोस्ट वेबसाइट पर अपने वाहन के संबंध में आवश्यक स्व-घोषणा कर निर्धारित फीस जमा कर सकता है।

क्रिकेट

भारत ने आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप फाइनल में भारत का सामना कल बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारतीय टीम तीसरी बार टी-20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। इस प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 68 रन से हराकर फाइनल में जगह बनायी है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया है.

मौसम

प्रदेश में मानसून ने पिछले 7 दिनों में पूरे प्रदेश को कवर कर लिया है। कल भी भोपाल, ग्वालियर, धार, उज्जैन समेत 15 से ज्यादा जिलों में जमकर बारिश हुई।

जिसके कारण तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने आज भी भोपाल, ग्वालियर समेत 11 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। जबकि इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन समेत प्रदेश के बाकी जिलों में भी आंधी, गरज-चमक और बादल रहेंगे। ऐसा ही मौसम अगले कुछ दिनों तक बना रहेगा। भोपाल में कल 1 घंटे में आधा इंच पानी गिर गया। छिंदवाड़ा, जबलपुर, सतना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, रायसेन, रतलाम और उज्जैन में भी बारिश हुई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में

1. राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के 14 अधिकारियों का तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है।

2. भोपाल में फायर सेफ्टी का पालन नहीं करने पर दो कोचिंग कार्यालय, एक गेम जोन और एक कैफे को सील कर दिया गया है.

3. ऊर्जा मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर ने मैहर जिले के ग्राम अमदरा में ग्राम पंचायत अमदरा का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर कार्य का निरीक्षण किया। और

4. शिवपुरी जिले की करैरा पुलिस ने बाइक चुराने वाले एक गिरोह को पकड़ा है। गिरोह के सदस्य उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के इलाकों से बाइकें चोरी करते थे.